छड़ी जाहरवीर की उठा लो भक्तो | By Pooja Shrivastava

गली गली रैलियां निकालो भगतो
छड़ी जाहरवीर की उठा लो भगतो

मेडी चलो छड़ी को तैयार करके
गोगा को मनाओ जयकार करके
गोगा को मनाओ जयकार करके
गोगा मेरे गोगा.......
गोगा मेडी चलो रे दीवाने बनके
ध्वजा अपने हाथो में सम्भालो भगतो
छड़ी जाहरवीर की उठा लो भगतो

गोरख कुंड पहले स्नान करके
गुरु गोरख जी का ध्यान करके
गुरु गोरख जी का ध्यान करके
गोगा मेरे गोगा.......
गोगा जी की पूजा करो रज रज के
शीश बाछल माता को झुका लो भगतो
छड़ी जाहरवीर की उठा लो भगतो

गोगा जी के द्वार तेरी बात बनेगी
जो भी तुम चाहोगे सौगात मिलेगी
जो भी तुम चाहोगे सौगात मिलेगी
गोगा मेरे गोगा........
खाली नहीं लौटे कोई इस दर से
सोया हुआ भाग्य जगा लो भगतो
छड़ी जाहरवीर की उठा लो भगतो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%89%e0%a4%a0%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d/